# JLN Govt. College Haripur (Manali)
## College Activity

| Sr. No. | Particular | Remarks |
|---|---|---|
| 1 | **Date** | 18/07/2026 |
| 2 | **Name of Activity** | **GENERAL HEALTH CAMP** |
| 3 | **Name of Unit/Agency/Department Organizing the Activity** | Physical Education |
| 4 | **Name of Collaborating Agency (If Any)** | Mental Health and Well Being Committee/Ayushman Arogya Mandir, Center Haripur & Sazla |
| 5 | **No. of Student Participants** | 130 |
| 6 | **No. of Teacher Participants** | 22 |
| 7 | **Brief Report** | जेएलएन राजकीय महाविद्यालय हरिपुर में निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर का सफल आयोजन<br><br>जेएलएन राजकीय महाविद्यालय हरिपुर, मनाली में शारीरिक शिक्षा विभाग एवं मानसिक स्वास्थ्य एवं छात्र कल्याण समिति के संयुक्त तत्वावधान में आयुष्मान आरोग्य मंदिर हरिपुर व सजला के सहयोग से एक दिवसीय सामान्य स्वास्थ्य जांच शिविर का सफलतापूर्वक आयोजन किया गया।<br>शिविर में आयुष्मान आरोग्य मंदिर, हरिपुर शाखा से डॉ. सुषमा तथा सजला शाखा से डॉ. मनोज ने अपनी सेवाएं प्रदान कीं। उनके साथ स्वास्थ्य विभाग की टीम के सदस्य एपीओ रवि चंदेल, शालिनी ठाकुर प्रशिक्षित दाई धर्मी देवी तथा हेल्पर चुन्नी लाल ने भी सक्रिय सहयोग दिया।<br><br>शिविर के दौरान महाविद्यालय के 130 विद्यार्थियों सहित सभी प्राध्यापकों, गैर-शिक्षण कर्मचारियों एवं अन्य स्टाफ का सामान्य स्वास्थ्य परीक्षण किया गया। साथ ही 90 विद्यार्थियों का हीमोग्लोबिन (Hb), ब्लड शुगर का परीक्षण किया गया तथा आवश्यक चिकित्सकीय परामर्श के साथ निःशुल्क दवाइयों का वितरण भी किया गया। इस स्वास्थ्य शिविर का लाभ महाविद्यालय परिवार के सभी सदस्यों ने उत्साहपूर्वक उठाया।<br>इस अवसर पर स्वास्थ्य विशेषज्ञों ने संतुलित आहार, नियमित व्यायाम, स्वच्छ जीवनशैली तथा मानसिक स्वास्थ्य के महत्व पर भी विस्तृत जानकारी दी और स्वस्थ जीवनशैली अपनाने के लिए प्रेरित किया।<br><br>महाविद्यालय की प्राचार्या डॉ. शेफाली ने सफल आयोजन के लिए शारीरिक शिक्षा विभागाध्यक्षा प्रो. ज्योति बाला को सफल कार्यक्रम के लिए बधाई दी व स्वास्थ्य विभाग की पूरी टीम का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि इस प्रकार के स्वास्थ्य शिविर विद्यार्थियों एवं कर्मचारियों में स्वास्थ्य जागरूकता बढ़ाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं।<br><br>कार्यक्रम अधिकारी प्रो ज्योति बाला ने महाविद्यालय प्राचार्या डॉ शेफाली , आयुष्मान आरोग्य मंदिर की चिकित्सकीय टीम, महाविद्यालय परिवार तथा सभी सहयोगियों का धन्यवाद ज्ञापित करते हुए भविष्य में भी ऐसे जनहितकारी कार्यक्रम आयोजित करने की बात कही। |













## हरिपुर कालेज में 130 छात्रों-शिक्षकों की जांची सेहत



मनाली : हरिपुर कालेज में जांच करते डाक्टर

मनाली। जेएलएन राजकीय महाविद्यालय हरिपुर, मनाली में एक दिवसीय नि:शुल्क सामान्य स्वास्थ्य जांच शिविर का सफल आयोजन किया गया। शिविर में 130 विद्यार्थियों, प्राध्यापकों, गैर.शिक्षण कर्मचारियों तथा अन्य स्टाफ ने उत्साहपूर्वक भाग लेकर स्वास्थ्य सेवाओ का लाभ उठाया। शिविर में आयुष्मान आरोग्य मंदिर हरिपुर शाखा से डा सुषमा तथा सजला शाखा से डॉ मनोज ने स्वास्थ्य सेवाए प्रदान की। स्वास्थ्य विभाग की टीम मे एपीओ रवि चदेल, शालिनी ठाकुर, प्रशिक्षित दाई धर्मी देवी तथा हेल्पर चुन्नी लाल ने भी सक्रिय सहयोग दिया। इस दौरान महाविद्यालय के 130 विद्यार्थियो सहित सभी प्राध्यापकोए गैर.शिक्षण कर्मचारियो एव अन्य स्टाफका सामान्य स्वास्थ्य परीक्षण किया गया। वही 90 विद्यार्थियो के हीमोग्लोबिन और ब्लड शुगर की जांच की गई। प्राचार्या डा. शेफाली ने कार्यक्रम की सफलता पर शारीरिक शिक्षा विभागाध्यक्ष एव कार्यक्रम अधिकारी प्रो ज्योति बाला को बधाई दी।

पंजाब केसरी
SUN, 19 JULY 2026
EDITION: KULLU KESARI, PAGE NO. 2

## हरिपुर कालेज में विद्यार्थियों व प्राध्यापकों सहित 130 लोगों की नि:शुल्क जांच

कुल्लू, 18 जुलाई (दिलीप): जवाहर लाल नेहरू राजकीय महाविद्यालय हरिपुर मनाली में शारीरिक शिक्षा विभाग एवं मानसिक स्वास्थ्य एवं छात्र कल्याण समिति के संयुक्त तत्वावधान में आयुष्मान आरोग्य मंदिर हरिपुर व सजला के सहयोग से सामान्य स्वास्थ्य जांच शिविर का आयोजन किया गया।

शिविर में आयुष्मान आरोग्य मंदिर हरिपुर शाखा से डा. सुषमा तथा सजला शाखा से डा. मनोज ने सेवाएं प्रदान कीं। इस दौरान स्वास्थ्य विभाग की टीम के सदस्य ए.पी.ओ. रवि चंदेल, शालिनी ठाकुर, प्रशिक्षित दाई धर्मी देवी तथा हैल्पर चुन्नी लाल ने सक्रिय सहयोग दिया।

शिविर में 130 विद्यार्थियों सहित प्राध्यापकों, गैर-शिक्षण कर्मचारियों एवं स्टाफ का सामान्य स्वास्थ्य परीक्षण किया गया। साथ ही 90 विद्यार्थियों का हीमोग्लोबिन व ब्लड शुगर का परीक्षण किया गया तथा नि:शुल्क दवाइयां वितरण की गईं। स्वास्थ्य विशेषज्ञों ने संतुलित आहार, नियमित व्यायाम, स्वच्छ जीवनशैली तथा मानसिक स्वास्थ्य के महत्व पर जानकारी दी।

प्राचार्य डा. शेफाली ने शारीरिक शिक्षा विभागाध्यक्ष प्रो. ज्योति बाला को कार्यक्रम की सफलता के लिए बधाई दी तथा स्वास्थ्य विभाग की टीम का धन्यवाद किया। उन्होंने कहा कि इस प्रकार के स्वास्थ्य शिविर विद्यार्थियों एवं कर्मचारियों में स्वास्थ्य जागरूकता बढ़ाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं।



कुल्लू: हरिपुर कालेज में चिकित्सा शिविर में मरीजों के स्वास्थ्य की जांच करते हुए डाक्टर। (दिलीप)

## विद्यार्थियों का जांचा स्वास्थ्य

हरिपुर (कुल्लू)। जेएलएन राजकीय महाविद्यालय हरिपुर में शारीरिक शिक्षा विभाग एवं मानसिक स्वास्थ्य एवं छात्र कल्याण समिति के संयुक्त तत्वावधान में शनिवार को स्वास्थ्य जांच शिविर लगाया गया।

इसमें विद्यार्थियों और कर्मचारियों ने भाग लिया। शिविर में 130 विद्यार्थियों सहित प्राध्यापकों, गैर-शिक्षण कर्मचारियों एवं अन्य स्टाफ का स्वास्थ्य परीक्षण किया गया। 90 विद्यार्थियों के हीमोग्लोबिन और ब्लड शुगर की जांच कर चिकित्सकीय परामर्श दिया गया। स्वास्थ्य विशेषज्ञों ने संतुलित आहार, नियमित व्यायाम, स्वच्छ जीवनशैली और मानसिक स्वास्थ्य के महत्व पर जानकारी दी।

प्राचार्य डॉ. शेफाली ने कहा कि इस प्रकार के स्वास्थ्य शिविर विद्यार्थियों एवं कर्मचारियों में स्वास्थ्य जागरूकता बढ़ाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। कार्यक्रम अधिकारी प्रो. ज्योति बाला ने कहा कि शिविर में आयुष्मान आरोग्य मंदिर हरिपुर की डॉ. सुषमा और सजला के डॉ. मनोज ने स्वास्थ्य सेवाएं प्रदान कीं। संवाद








Coordinator
IQAC

Event Organizer

24.7.26

Principal
JLN Govt. College Haripur (Manali)
Distt. Kullu (H.P.)-175136